बिहार में 13 दिसंबर से दो दिन का वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन

चर्चा में क्यों?

5 दिसंबर, 2023 को बिहार के उद्योग विभाग के मंत्री समीर महासेठ तथा सूचना जनसंपर्क मंत्री संजय झा ने मीडिया को बताया कि उद्योग विभाग द्वारा 13-14 दिसंबर, 2023 को पटना के ज्ञान भवन में 'बिहार बिजनेस कनेक्ट-2023... एक वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन' (Bihar Business Connect-2023 : A Global Investors' Summit) का आयोजन किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- इस सम्मेलन में देश-विदेश और प्रदेश के 600 से अधिक उद्यमियों के शामिल होने की संभावना है।
- उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव ने बताया कि उद्योग विभाग द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका, ढाका (बांग्लादेश), दुबई (यूएई), ताइवान और जापान में इन्वेस्टर्स मीट आयोजित किया गया और वहाँ के निवेशकों को बिहार में निवेश तथा बिहार बिजनेस कनेक्ट-2023 में भाग लेने के लिये आमंत्रित किया गया।
- देश के सात बड़े औद्योगिक शहरों- नई दिल्ली, चंडीगढ़, मुंबई, बंगलुरू, चेन्नई, तिरुपुर और कोलकाता में रोड शो आयोजित किया गया।
- बिहार बिजनेस कनेक्ट-2023 में 22 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया हैं। उनमें से मुख्य रूप से यूएसए, ज़र्मनी, हंगरी, यूएई, हॉन्गकॉन्ग, जापान, ताइवान, बांग्लादेश, वियतनाम, रूस, थाईलैंड जैसे देश हैं।
- अपर मुख्य सचिव ने कहा कि बिहार बिजनेस कनेक्ट-2023 के पहले दिन प्राथमिकता
- वाले चार उद्योगों (टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, आईटी/आईटीईएस/ईएसडीएम और जनरल मैन्यूफैक्चरर) पर चर्चा होगी, जिसमें भाग लेने के लिये सात मंत्रियों को आमंत्रित किया गया हैं।
- दूसरे दिन मुख्य सत्र का आयोजन किया गया है, जिसमें मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रिगण शामिल होंगे। दोनों दिन उद्यमियों के साथ बी-टू-बी बैठक का आयोजन किया जाएगा।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/two-day-global-investor-summit-in-bihar-from-december13